same fate as the earlier ones. As part of the policy of the erstwhile Minister, hundreds of vindictive transfers made during 1982 have not so far been cancelled. At the same time, the mismanagement by the Authority as is evident from the delay suffered by the public mail since the cancellation of all Sorting Sections in the running trains, is rampant in the P & T service today. To cover up their deficiencies the authorities are trying to transfer the blame on the employees through imposition of various punitive measures mentioned above.

Sir, under these circumstances, the Unions are left with no other alternative except to go on fast for an indefinite period from 21st March, 1983. Therefore, I urge upon the Government to intervene in the matter and see that the services, already disturbed by the unimaginative actions of the Authorities, do not suffer any further.

---

1. STATUTORY RESOLUTION SEEKING DISAPPROVAL OF THE DELHI ADMINISTRATION (AMENDMENT) ORDINANCE, 1983

2. THE DELHI ADMINISTRATION (AMENDMENT) BILL, 1983

3. STATUTORY RESOLUTION SEEKING DISAPPROVAL OF THE DELHI MUNICIPAL CORPORATION (AMENDMENT) ORDINANCE, 1983

4. THE DELHI MUNICIPAL CORPORATION (AMENDMENT) BILL, 1983

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, we will take up the Resolution. You will move it, Mr. Advani?

SHRI LAL K. ADVANI (Madhya Pradesh): No, Sir. Mr. Mathur will do it. But, through you, Sir, I would like to make a submission to the Home Minister here because the Leader of the House had assured this House that there would be a statement on the stoppage of sale of certain publications. And tomorrow is the last day of this Session. So, we must have a statement on that particular subject by tomorrow as assured by the Leader of the House.

Secondly, Sir, the situation in Punjab continues to be very serious. And this morning there is news of the killing of the person who was an approver in the Nirankari Baba murder case. Just as you apprised Parliament of the Assam situation, I would think that the Government would be doing its duty if it apprised Parliament of the situation in Punjab also tomorrow before this House adjourns and tell us whether there has been any development in respect of the talks, the tripartite talks, that had been held earlier, and whether there has been any informal dialogue with the Akali leaders. We would like to know what is the latest position about this matter. This is what I would like to stress.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Yes, Mr. Mathur, you can move the Resolution.

SHRI JAGISH PRASAD MATHUR (Uttar Pradesh): Sir, I move:

> "That this House disapproves the Delhi Administration (Amendment) Ordinance, 1983 (No. 1 of 1983) promulgated by the President on the 2nd January, 1983."

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Yes, you may speak now.

SHRI SHRIDHAR WASUDEO DHABE (Maharashtra): Sir, are they not being taken together?

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Yes, since he is the Mover, he will speak first.

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : श्रीमन्, यद्यपि यह सवाल केवल किताबी रह गया है क्योंकि जो कुछ करना था वह तो आर्डिनेंस जारी करके कर लिया गया।

[श्री जगदीश प्रसाद माथुर]

आर्डिनेंस का मुख्य उद्देश्य यह था कि नई मतदाता सूचियां न बनाई जायें और पुरानी लिस्ट पर चुनाव कराये जायें। यह ईमानदारी की बात नहीं थी। आपको पुरानी लिस्ट पर चुनाव कराना था। पर्याप्त समय था चुनाव अधिकारी के पास उनको संशोधित करने का और यह चुनाव 1979 की लिस्ट पर किये गये हैं। हर साल उसका संशोधन किया जाना चाहिये। निर्वाचन आयोग भी अपनी जिम्मेदारी को पूरा नहीं कर सका क्योंकि उसे मालूम था कि यह सुपर-सेशन खत्म हो रहा है, कब चुनाव कराये जाने चाहियें। उसकी जिम्मेदारी थी कि मतदाता सूचियों का वह संशोधन करता लेकिन उसने नहीं किया। इससे लगता है कि सरकार ने चुनाव अधिकारी को निर्वाचन अधिकारी को अन्धकार में रखा कि वह कब क्या चाहते हैं, वास्तव में आवश्यकता इस बात की थी कि आसाम के बारे में तो यह कहा गया कि हमारी कांस्टीट्यूशनल ओब्लीगेशन है और निर्वाचन आयोग ने अपनी जिम्मेदारी को टाल दिया लेकिन यहां तो बात बिल्कुल साफ थी। निर्वाचन आयोग को कहना चाहिये था कि 1979 की पुरानी मतदाता सूचियां हैं, इनके आधार पर चुनाव नहीं हो सकते। लेकिन लगता है कि चुनाव आयोग को सरकार ने दबाया है और उससे अकस्मात चुनाव कराए हैं। इससे गड़बड़ क्या हुई है? गड़बड़ यह हुई कि 1979 के बाद सन् 1983 की जनवरी के बाद हजारों ऐसे जवान हैं जोकि 18 साल की उम्र प्राप्त हो गये और उनको निर्वाचन में भाग लेने का अधिकार होना चाहिये था उससे उनको वंचित रखा गया। इतना ही नहीं चुनाव आयोग को यह भी मौका नहीं दिया या उसने खुद नहीं लिया जो नाम सूचियों में गलत जोड़े गये हैं, उनको ठीक करें। ऐसे हजारों नाम थे जिनका पता तक नहीं था। आप मतदाता सूचियों को देखिये। उनमें ऐसे हजारों नाम हैं, लिखे हुए हैं, न झुग्गी का नम्बर है और न झुग्गी का पता है, केवल नाम, पिता का नाम, लिख कर मतदाता सूची के अन्दर शामिल कर दिया गया है। जब लोगों ने ओब्जेक्शन किया उन ओब्जेक्शन को सुना नहीं गया, क्योंकि सरकार के यह आदेश थे कि शायद किसी प्रकार की जो गड़बड़ है, उसको सुना नहीं जाएगा।

दूसरा यह है कि सबको मालूम है कि यह चुनाव कैसे हुए। ऐसे कम से कम 6-7 केसेज हैं जहां पर चुनाव अधिकारी ने यह घोषणा कर दी कि बी०जे पी० का केण्डीडेट जीत गया है लेकिन इस सदन के एक सदस्य और कांग्रेस (आई) के नेता खड़े हो गये जिन्होंने छुरा लेकर के चुनाव अधिकारी को छुरा दिखाया और कहा कि यहां पर तुम यह घोषणा मत करो उनके पेटीशन्स आ रहे हैं। श्रीमन्, आप जानते हैं कि पेटीशन्स तो साल, दो साल या तीन साल जब तक आधा समय निकल जाता है तब आती है। यह गुण्डागर्दी करने का इरादा सरकार का था इसलिये चुनाव आयोग को समय नहीं दिया।

श्रीमन् मैं एक प्रश्न और करना चाहता हूं। दूसरे सदन में जब यह प्रश्न आया तो गृह मंत्री की तरफ से यह कहा गया था कि वह दिल्ली में मैट्रोपोलिटन कौंसिल की जगह पर असेम्बली बनाने के प्रश्न पर विचार कर रहे हैं। जब जनता पार्टी की सरकार थी उस समय बिल आया था बिल इन्ट्रोड्यूस भी किया गया था लेकिन वह पारित नहीं हो सका। क्योंकि सरकार गिर गई। मैं इनसे यह आश्वासन चाहता

हूं यदि वह यहां पर असेम्बली देना चाहते हैं तो क्या उनका इरादा बेईमानी से झूठी मतदाता सूचियों के आधार पर निर्वाचित इस मैट्रोपोलिटन कौंसिल को ही असेम्बली घोषित करने का है अथवा नहीं है ?

मेरी मांग यह है कि यदि वह असेम्बली बनाते हैं तो इस वर्तमान मैट्रोपोलिटन काऊंसिल को भंग करके नये चुनाव करायें और नई सूची के आधार पर करायें । अतः आप इस चीज को भी स्पष्ट करें ।

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI P. VENKATASUBBAIAH): Sir, I beg to move:

"That the Bill to amend the Delhi Administration Act, 1966, as passed by the Lok Sabha, be taken into consideration."

Sir, the Delhi Metropolitan Council was dissolved by the President on 21st March 1980. The period of operation of Presidential Order made in this behalf was extended from time to time and the last such extension was to expire on 20th March 1983. Alternatives available to the Government were either to hold elections to Metropolitan Council before 20th March 1983 or to extend the period of operation of Presidential Order further. In the interests of restoring democratic set up in Delhi at the earliest opportunity, the Government preferred the first alternative. However, as a provision of the Delhi Administration Act, 1966 stood, it was obligatory to delimit the Metropolitan Council constituencies afresh and to determine the number of seats to be reserved for Scheduled Castes in the Council on the basis of population figures ascertained in the 1981 Census As the hon. Members are aware, through amendment made by the Constitution (Forty-second) Amendment Act, it was provided that elections to State Assemblies and the House of the people and the reservations of seats for Scheduled Castes and Scheduled Tribes in those bodies would continue to be on the basis of population ascertained at the 1971 Census till the first Census is taken after the year 2000 A.D. A similar amendment was not, however, made in the Delhi Administration Act, 1966. If the Metropolitan Council constituencies were to be delimited afresh and the number of seats to be reserved for the Scheduled Castes in the Council were to be redetermined on the basis of population ascertained at the 1981 census, it would not have been possible to hold elections to the Metropolitan Council for another five to seven months. It was, therefore, decided to amend the Delhi Administration Act, 1966 to bring it in line with the provisions of the Constitution and enable the holding of elections to the Metropolitan Council on the basis of population figures ascertained at the 1971 census or in other words on the basis of the constituencies delimited after the 1971 census. Accordingly, the necessary amendments were made by promulgating the Delhi Administration (Amendment) Ordinance, 1983. This Bill seeks to replace the Ordinance.

Sir, what we have done in respect of Delhi is what the Constitution provides in the case of legislative assemblies of the States and the Lok Sabha.

So, Sir, I commend this Bill to the House for its consideration and acceptance. Sir, the hon. Member has raised some points while moving his Resolution. I would like to have your ruling in the matter whether I should reply to Mr. Mathur's point.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You may reply later. Next Resolution by Shri Joshi.

श्री जगन्नाथराव जोशी (दिल्ली) : उपसभापति महोदय, मैं आपकी अनुमति से निम्नलिखित संकल्प पेश करता हूं कि : "यह सभा राष्ट्रपति द्वारा दो जनवरी 1983 को प्रख्यापित दिल्ली नगर निगम (संशोधन) अध्यादेश, (1983 का सं० 2) का निरनुमोदन करती है" ।

[श्री जगन्नाथ राव जोशी]

उपसभापति महोदय, मेरे साथी श्री जगदीश प्रसाद माथुर जी ने अभी पहले अध्यादेश का निरनुमोदन करते हुए कुछ बातें सामने रखी हैं । किंतु जो बातें उन्होंने दिल्ली महानगर परिषद के लिए कहीं वे बातें नगर निगम के लिए लागू नहीं होती हैं । उन्होंने कहा कि यदि मतदाता क्षेत्र का पुनर्गठन किया जाता तो पांच सात महीने लगते और इस लिये जल्दी आध्यादेश जारी करके किया गया । किन्तु जहां तक नगर निगम का सवाल है यह नगर निगम के चुनाव थोड़ी देरी से भी होते तो कौन सा आसमान टूटने वाला था, यह मेरी समझ में नहीं आता है । क्योंकि 1980 में अधिकार के आने के उपरांत जब सरकार ने दिल्ली नगर निगम भंग किया और मुझे तो लगता है कि जो देश के नगर निगम है या स्थानिक प्रशासन जिसे कहते हैं वे एक अनाथ बच्चे के समान बने हैं । वास्तव में उनको संवैधानिक अधिकार होना चाहिए था, या तो चार-पांच साल रहे । जहां संवैधानिक अधिकार मिला, वहां भी खिलवाड़ होता है, और जहां अधिकार ही नहीं, वहां ऊपर वाला भी उनका साथ नहीं देता ।

जहां तक इन्होंने दिल्ली की बात की, मैं जानना चाहता हूं कि आपात स्थिति में बंगलौर नगर निगम जो भंग हुआ, वह आज तक भंग है, इतने साल हो गये धारवार, हुबली नगर निगम जो भंग हुआ, वहां अभी तक चुनाव नहीं हुआ है, कोई पूछने वाला ही नहीं है ।

आन्ध्र मे पिछले साल दो जगह चुनाव हुए, विजयवाड़ा और विशाखापतनम, दोनों जगहों में बहुमत सत्तारूढ़ दल को नहीं मिला । इस बात को लेकर, डर के मारे हैदराबाद में जो बाद में चुनाव होने वाले थे नगर निगम के, वह नहीं हुए, आज भी नहीं हुए । अब बदलती हुई सरकार में इसमें कुछ होंगे, तो होंग । आन्ध्र, और कर्नाटक चुनाव के नतीजे आते ही वास्तव में इसी मार्च के अंदर बंबई महानगर के जो चुनाव होने वाले थे, उसके लिए जो तैयारियां होरही थीं, उसके लिए जो नौकर वर्ग लिया गया था, उसको फिर एक साल के लिये टाल गये ।

तो यह जो दलील दी जाती है कि इसके लिए है, उसके लिए है, यह कोई इसके लिए लागू नहीं पड़ती है । उसको देखने के लिए कोई नहीं है । मैं यह जानना चाहता हूं कि आजादी के उपरांत 34–35 साल होने के बाद कम से कम कुछ नियमानुसार काम हो, कुछ स्वस्थ परम्परा डाली जाए, जिसको संवैधानिक अधिकार नहीं है, उसको एक परम्परागत यहां पर अधिकार मिल जाए, किसी के हाथ में कोई अधिकार आए, तो अच्छी चलने वाली चीज को बिगाड़ना नहीं चाहिए । यह कोई जरूरी नहीं था कि महानगर परिषद् के साथ ही नगर निगम के चुनाव भी हों, । 1971 में महानगर परिषद् के चुनाव लोक सभा के चुनाव के साथ हो गये थे किन्तु 1972 में नगर निगम के चुनाव हुए यह कोई जरूरी नहीं है कि दोनों साथ-साथ हो जायें ।

जहां तक डिलिमिटेशन का सवाल है, इतने लोग दिल्ली में आए हुए हैं, लाखों की तादाद में, तो ऐसी स्थिति में उनको अधिकार से वंचित रखना, यह कहां तक उचित है ? जहां तक डिलिमिटेशन का सवाल आता है, तो 42वें संशोधन भले ही असेम्बली पर लागू हों, किन्तु नगर निगम पर लागू नहीं होता तो समयाभाव के कारण हमने किया, यह बात तो बिलकुल गले से नीचे नहीं उतरती । नान-एलाइंड कानफ्रेंस के बाद भी लिया जा सकता था ।

जहां तक रिविजन आफ रोल्स इका सवाल है, मैं मंत्री महोदय का ध्यान ध आकृष्ट करना चाहता हूं। 1980 के बा

दिल्ली में रोल्स रिवाइज नहीं हुए, यहां तक कि मैं दिल्ली से चुना हुआ प्रतिनिधि हूं, मेरा नाम रोल्स में नहीं था । मेरा घर 27, फिरोज़शाह रोड पर है, बिलकुल रास्ते में है। कोठी कैसे छूट गई ? मेरे घर के बगल में जो सर्वेन्ट क्वार्टर्ज़ हैं, उसमें हरेक का नाम है, मेरा नाम नहीं है, मेरे घर वालों का नाम नहीं है । जब खुद मुझको मत देने से वंचित रखा गया, तो और ऐसे कितने हजारों, लाखों लोग हैं, मैं नहीं जानता । तो ऐसी स्थिति में जो इधर-उधर से दिल्ली में जो काम के लिए लोग आए, उन की संख्या बहुत बढ़ गई । और अगर हिन्दुस्तान के मैट्रोपोलिटन सिटीज़ की संख्या जो अनगिनत बढ़ गई है, उसको देखें तो शायद दिल्ली का नम्बर पहला लगेगा । इतने लोग आए, तो लोकतंत्र का यह तकाज़ा है कि ऐसे लोगों को चुनाव का अधिकार मिले, अपने प्रतिनिधि चुनने का अधिकार मिले । तो जहां तक रिवाइज्ड रोल्स का भी सवाल है, चुनाव कमिश्नर का दायित्व होता है, पर लगता है कि उन्होंने भी अपना दायित्व पूर्णरूपेण स्वीकार नहीं किया है ।

यह शासन किस नियम से काम करता है, यह तो मुझे पता नहीं, लेकिन मैं जानना चाहता हूं आन्ध्र, कर्नाटक के चुनाव भी पांच तारीख को हुए, यह सेटरडे या संडे नहीं था, छुट्टी का दिन नहीं था, यहां भी पांच फरवरी को हुए, वह भी छुट्टी का दिन नहीं था । यह जो शादी का जैसे मुहुर्त निकालते हैं जैसे पंचांग, ज्योतिषी जी को पूछ कर निकालते हैं, यह कहां से आते हैं, यानी छुट्टी को चुनाव होते तो सब को सहूलियत होती । मैं जानता हूं कि केरल में संडे जान-बूझ कर कम्युनिस्टों ने बदलवाया था । उसका कारण था कि संडे के दिन कनग्रे गेशन के नाम पर सब को इकट्ठा करके सीधे पोलिंग बूथ पर ले जाया करते थे, इसलिए केरल के चुनाव संडे को नहीं होते, केरल के चुनाव मंडे या और किसी दिन को होतेहैं, ऐसी तो यहां बात नहीं थी । तो यह जो पांच-पांच आ गया, यह क्या पांच है, यानी यह क्यों लिया गया, इसका कुछ तर्क तो हमको दे दें, हमको समझ में आएगा । सबको जिस में सहूलियत होती है, छुट्टी सब को होती है, यह कोई शादी और विवाह का मुहुर्त थोड़े ही है कि देखकर करें कि उत्तरायण, दक्षिणायण या शुक्ल पक्ष या कृष्णपक्ष है । तो सब विरोधी दल भी जो होता है, उनको भी विश्वास में लेकर, काम करना चाहते हैं, तो छिपा कर रखने की कोई बात नहीं थी ।

नगर निगम के बारे में जो दलील और तर्क उन्होंने दिया है, इससे यही लगता है कि मनमाने ढंग से काम करने का तरीका जो शुरू हो गया है, मैं चाहता हूं कि कम से कम इसके बाद तो बंद हो, और निश्चिंतता से नियमानुसार लोकतंत्र का काम हो, ताकि उसमें सब का भला हो । धन्यवाद ।

SHRI P. VENKATASUBBAIAH: Sir, I beg to move:

> "That the Bill further to amend the Delhi Municipal Corporation Act, 1957, as passed by the Lok Sabha, be taken into consideration."

Sir, the Delhi Municipal Corporation was superseded for a period of one year by the Central Government under section 490(1) of the Delhi Municipal Corporation Act, 1957, with effect from 11th April, 1980, because in the opinion of the Central Government the Corporation had persistently made default in the performance of its duties, had abused its powers and was not competent to perform the duties imposed on it. The period of supersession was extended from time to time and the last such extension was due to expire on 10th April 1983. Sir, while moving that the Delhi Administration (Amendment) Bill, 1983, as passed by the Lok Sabha, be taken into consideration, a short while ago, I had given detailed reasons which prevailed with the

[Shri P. Venketasubbaiah]

Government in promulgating the Delhi Administration (Amendment) Ordinance 1983. The same reasons apply to the promulgation of the Delhi Municipal Corporation (Amendment) Ordinance 1983 which this Bill now seeks to replace.

About the several points raised, while giving a reply I will answer all those points, but I would like to say in reply to what our friend has pointed out, that we do not believe in astrology or some such things. As a matter of fact, the results have shown that the BJP astrology has gone wrong so far as the Municipal Corporation and Metropolitan Council elections are concerned. Whatever it may be, I would like to give my reply in detail to the points raised by the hon. Member.

The question were proposed.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The Resolutions and the Bills for consideration are now open for discussion, and they will all be taken together. Shri Surendra Mohan, not there. Shri Shiva Chandra Jha, not there. Shrimati Kanak Mukherjee.

SHRIMATI KANAK MUKHERJEE (West Bengal): Sir, today we are discussing Delhi, the national capital of our great country, which has drawn attention of the entire civil world due to various reasons, but unfortunately, unlike the most of the capitals of civil world, our capital is administered differently from other parts of the country. The long-standing demand of the people for the proper Statehood, unified authority and democratic decentralisation of administration for which members of all parties including the ruling party advocated even during the last election, is pushed back by the autocratic hands of the Government to suit their own interest against that of the people.

Sir, not to speak of considering the question of status of a full-fledged Statehood of Delhi or even introducing a comprehensive bill for a democratic administration, the Government has introduced the amendments in the form of these two Bills, namely the Delhi Administration (Amendment), Bill, 1983 and the Delhi Municipal Corporation (Amendment) Bill, 1983, which are really retrograde measures and hence most disappointing. The hotch-potch administration of Delhi under many masters like the DMC, DDA, Municipal Corporation, Cantonment Board, NDMC, etc. besides the Central Government having some of the powers and our poor Delhi does not know which master's voice to echo. This divided responsibility only brings more and more confusion, delay and more and more useless expenditure and overlapping authority. The Commissioner is all in all. The mayor and the deputy mayor are merely figure-heads, ornamental. The legacy of colonialism is obvious here. Now, Sir, let us come to the actual amendments to the Acts. The Statement of Objects and Reasons very rightly says: "Delhi shall be divided into single-member wards in such manner that the population of each of the wards shall, so far as practicable, be the same throughout Delhi". It also provides for the delimitation of the constituencies and reservation of seats for the Scheduled Castes. What prevented the Government to do delimitation and reservation? The reason given is that it is a time-consuming process. The 1981 census was out long before and these elections took place in February last. Government and not get time for delimitation and reservation of seats for the scheduled castes. As per the statement of the hon. Minister himself in the other House, the number of scheduled castes, most of whom belong to the labour class, has increased by more than 2 million. According to his statement, the population of Delhi in 1971 was 40,65,698 and in 1981 it was 62,20,406. The percentage of scheduled castes increased from 15.64 to 18.03. The number of voters varied much disproportionately from the constituencies and wards of the resettlement colonies to those of the city. Somewhere it is more than 1

lakh and in the city it is between 25,000 to 30,000. Now see the disparity in the population ratio. What is the reason? There must be some political game behind it. Maybe it suits the ruling party. Maybe it is easier for them to get the votes of people and to deceive those who live in more backward areas than to deceive the more enlightened city people who enjoy more facilities than those who live in resettlement colonies or belong to scheduled castes and labour class.

Another political game is quite obvious. That is regarding the selection of time, about which my hon. friend has already mentioned. Since long the demand for holding elections in Delhi was being raised in this House. Many times we discussed this. I remember it myself. But the Government did not pay any heed to that demand. But suddenly it found the time suitable. Why? It reminds me of the famous line of great poet Shelley: "if winter comes, can spring be far behind?" For the ruling party, this winter was not an icy cold winter. It was a harbinger of good time. Asiad brought them success in the elections—i.e. the spring—and it was followed by NAM. That must be the reason why they suddenly found it possible to have the elections which they did not find possible for the last so many years. In fact, the Delhi Municipal Corporation and the Delhi Metropolitan Council remained suspended for three years. And suddenly the elections were found possible. And now this Amendment Bill is being introduced to repeal the Ordinance. This amendment is not for the betterment or more democratisation of the Acts. This amendment is retrogressive, to push back any improvement upto 2000 A.D. For 17 years now we have to wait to set right the imbalance. Look at this crocodile speed of our country in the age of Sputnik. That is actually the political game behind this.

Sir, this is an absolutely autocratic act of the Government to bring forward this amendment to push back the situation and to exert autocracy over the democratic will of the people. Instead of considering the demand of the people for conferring the status of Statehood on the national capital, the ruling party's Government has brought this retrograde amendment. But the people cannot be put in the dark for long. The democratic people of Delhi along with all other democratic people of our country will surely come forward to get rid of this autocracy, this deception and to live in a property, democratically elected State. So I hope the Government will pay heed to this popular demand and consider bringing forward a comprehensive Bill for introducing a unified authority in Delhi and giving it the status of Statehood which is a long-standing demand of the people and of all the parties, including the ruling party itself which advocated this demand in their election propaganda many times before. Thank you, Sir.

1 P.M.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: This debate will continue after lunch. But, before we adjourn for lunch, I would like to inform hon. Members that the statement by the Minister about the DTC strike, etc., will be made in this House after the discussion on NAM is over, say, at about 6.30, because the Minister is making the statement in that House at 4.00. At that time we shall be midway . . .

SHRI LAL K. ADVANI: We can have it at 2 o'clock here.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: That is not possible, perhaps.

SHRI LAL K. ADVANI: Why not? He can do it here at 2 o'clock, the moment we meet. Then this debate can continue.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: That is not feasible for the Government because they said they will make the statement there at 4 o'clock.

SHRI LAL K. ADVANI: After NAM it will be very late.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: We cannot take up the statement in between the discussion. If he agrees we

can take it up at 4 o'clock but that will disturb the discussion.

SHRI LAL K. ADVANI: I am not suggesting that. Immediately after lunch or at 2.30 . . .

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Perhaps the statement may not be ready by that time.

SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR: You said they are making it there at 4 o'clock. It can be done here at 2.30 or 3.00.

SHRI LAL K. ADVANI: It can be suggested. In these matters . . .

MR. DEPUTY CHAIRMAN: They made it clear they could not do it earlier her. They said they want to make it at 4 o'clock . . .

SHRI LAL K. ADVANI: Even now the request of the House can be conveyed to them.

श्री उपसभापति : अब सदन की कार्यवाही दो बजे तक के लिए स्थगित की जाती है ।

The House then adjourned for lunch at two minutes past one of the clock.

The House reassembled after lunch at four minutes past two of the clock, **The Vice-Chairman [Dr. (Shrimati) Najma Heptulla]** in the Chair.

THE VICE-CHAIRMAN [DR. (SHRIMATI) NAJMA HEPTULLA]: I have to make an announcement, that the Prime Minister would like to make a Statement in the Rajya Sabha regarding the setting up of a Commission for Centre-State relations at 5.15 P.M. today.

We will now continue our deliberation on the Bills. श्री शिवचन्द्र झा आप बोलिये ।

श्री शिव चन्द्र झा (बिहार) : मैं किस पर बोलूं ?

उपसभाध्यक्ष [डा० (श्रीमती) नाजमा हेपतुल्ला] : आप दिल्ली एडमिनिस्ट्रेशन और दिल्ली कारपोरेशन के बारे में दोनों बिलों पर बोलिये ।

श्री शिव चन्द्र झा : उपसभाध्यक्ष महोदया, आज सदन में दिल्ली एडमिनिस्ट्रेशन बिल और दिल्ली कारपोरेशन बिल, इन दोनों पर बहस हो रही है । सरकार ने दिल्ली में चुनाव कराने के लिए एक आर्डिनेन्स निकाला क्योंकि दिल्ली में चुनाव कराने की मांग की जा रही थी । चूंकि कांस्टिट्यूएन्सी का डिलिमिटेशन सन् 1981 की सेन्सस के मुताबिक करने में कुछ वक्त लगता, इसलिए आर्डिनेन्स जारी कर दिया गया ताकि दिल्ली में जल्दी से चुनाव हो जाये । चुनावों की हम लोग भी बहुत दिनों से मांग कर रहे थे । आप जानते हैं कि हम लोग चुनाव कराने के संबंध में मांग करते रहते हैं । असाम में चुनाव हो गये । आज भी हम मांग करते हैं कि आसाम में फिर से चुनाव कराये जायें और वहां की वर्तमान एसेम्बली को भंग किया जाय । हमने सदा यह मांग की है कि चुनाव निष्पक्ष होने चाहिए । इस संबंध में यदि मैं इतिहास के बारे में कुछ कह दूं तो अच्छा रहेगा । इमरजेन्सी के वक्त में चुनावों का सिलसिला खत्म हो गया था । इमरजेन्सी में हम सब लोग बंद थे । उस वक्त देश में जनतंत्र खत्म हो गया था । हिन्दुस्तान के हजारों नवजवान जेलों में बंद कर दिये गये । डेढ़ साल तक यानी 18 महीनों तक हम लोग जलों में रहे । हमारी यह मांग रही है कि चुनावों का सिलसिला देश में चला रहना चाहिए । इस संबंध में लोक नायक जयप्रकाश जी के नेतृत्व में हम लोगों ने आन्दोलन किया । मैं यह कहना चाहता हूं कि अगर सरकार को गलतफहमी हो कि हम लोग चुनावों के खिलाफ हैं तो यह सरकार की ना-समझी है । हमारा पूरा विश्वास है कि हमारे देश में चुनाव का ढांचा, जनतंत्र का ढांचा, सदा बना रहना चाहिए । हो सकता है कि चुनावों के ढांचे में कुछ खामियां हों, लेकिन चुनाव

ही एकमात्र रास्ता है जिसके माध्यम से जनतंत्र को आगे बढ़ाया जा सकता है । हमारे देश में ही नहीं, इंगलैंड, अमेरिका आदि देशों में भी इसमें कुछ खामियां हैं, कमियां हैं । लेकिन सभी लोग यह मानते हैं कि चुनाव और जनतंत्र ही इस वक्त एक ऐसा तरीका है जिसके माध्यम से समस्याओं को निपटाया जा सकता है। इसलिए मैं यह कहना चाहता हूं कि हम लोग दिल्ली में मैट्रोपोलिटन कौंसिल और कारपोरेशन के चुनाव कराने के खिलाफ नहीं हैं । लेकिन जिस तरीके से आर्डिनेन्स जारी करके झपट में ये चुनाव कराये गये हैं और जिस गलत नीयत से ये चुनाव कराये गये, उसके हम खिलाफ हैं। यह ठीक है कि कांस्टिट्यूएन्सी का डिलिमिटेशन करने में कुछ वक्त लग सकता था और सन 1981 की सेन्सस के मुताबिक उनका निर्धारण करने में देरी हो सकती थी । लेकिन इस सरकार की नीयत दूसरी थी । इसने 1981 की सेन्सस के मुताबिक कांस्टिट्यूएन्सीज का निर्धारण नहीं करवाया । ये चाहते थे कि जल्दी से चुनाव करा दिये जाये । इसका एक बहुत बड़ा कारण यह था कि दक्षिण से एक तूफान आ चुका था । कर्नाटक और आन्ध्र प्रदेश में इनकी पार्टी का सफाया हो चुका था । इसलिए ये चाहते थे कि दिल्ली में भी अविलम्ब चुनाव हो जायें तो शायद कुछ फायदा हो जाय । इसलिए इन्होंने आर्डिनेन्स जारी कर दिया । जैसा मैं कह चुका हूं, मैं चुनाव के खिलाफ नहीं हूं । लेकिन जिस झपटे में ये चुनाव कराये गये, उसके हम खिलाफ हैं । इसलिए मैं सबसे पहले माननीय मंत्री जी से यह मांग करता हूं कि आप दिल्ली के चुनावों की एक निष्पक्ष जांच करवायें जो इस बात को देखे कि दिल्ली में चुनावों के सिलसिले में सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग हुआ है या नहीं । मैं समझता हूं कि दिल्ली में चुनावों के सिलसिले में सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग हुआ है । चूंकि दिल्ली में सारी सत्ता कांग्रस के हाथ में थी, इसलिए सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया गया । जैसा मैंने कहा, अमेरिका में भी और इंगलैंड में भी, चुनावों में कुछ कमियां हैं, लेकिन हमें जनतंत्री ढांचे में रहते हुए इन खामियों को दूर करना होगा । हो सकता है, इसमें कुछ वक्त लग सकता है । लेकिन सरकारी मशीनरी, सरकारी साधनों का उपयोग करना आपके लिये जनतंत्र के आदर्श के अनुकूल नहीं था । लेकिन दिल्ली में हुआ है । मैं पहाड़गंज जा रहा था । मालूम हुआ कि प्रधानमंत्री की मीटिंग थी । मैं गया था वहां मीटिंग करने के लिये । उस वक्त प्रधानमंत्री आ रही थीं पहाड़गंज में मीटिंग करने के लिये । अच्छी भी बात है और खराब भी बात है ।

उपसभाध्यक्ष डा० (श्रीमती) नाजमा हेपतूल्ला) : खराब कैसे थी ?

श्री शिव चन्द्र झा : खराब इसलिये थी कि पंडित जवाहर लाल नेहरू जी कभी भी असेम्बली के बाई-इलेक्शन में भी नहीं गये । इंदिरा गांधी केवल कांग्रेस प्रेसीडेंट ही नहीं है बल्कि अभी थोड़ी देर के लिये प्रधानमंत्री ही कहना पड़ेगा। उस पोस्ट के लिये, उस पद की गरिमा को देखते हुए उनके लिये यह शोभा की बात नहीं थी कि वे म्युनिस्पैलिटी और म्युनिस्पल कारपोरेशन के बाई-इलेक्शन में जायें । आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में मेरे पास सब तारीखों का हिसाब हैं । वे 18 दिसम्बर को यहां से निकली और 3 जनवरी को आई, जहां तक मेरा ख्याल है । पूरे 18-19 दिन आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और त्रिपुरा का दौरा करके आई । हैलीकाप्टर पर हैलीकाप्टर का इस्तेमाल, जहाई जहाजों का इस्तेमाल सब हुआ, बाई-इलेक्शन में । असेम्बली के

[श्री शिव चन्द झा]

बाई-इलेक्शन में पंडित जवाहर लाल नेहरू नहीं जाते थे । लेकिन ये गई । और वह तो असेम्बली का चुनाव था । लेकिन यहां म्युनिस्पैलटी का चुनाव था, जाने की जरूरत भी नहीं थी । लेकिन वह गई क्योंकि प्रधानमंत्री या मुख्य मंत्री के जाने से जरा सा ओ हो जाता है, बैलेंस उनकी तरफ हो जाता है । इसलिये खराब है कि यहां पर इंदिरा गांधी एज सच नहीं गई । वह अगर कांग्रेस अध्यक्ष रहती तो जाना चाहिए था लेकिन जो वह प्रधानमंत्री के नाते गईं वह खराब था । अच्छा यह था कि 10 आदमियों ने दर्शन किये । बाजार वाले जो दर्शन करने के लिये लालायित रहे होंगे उन्होंने दर्शन किये । उनके लिये अच्छी बात थी। उपसभाध्यक्ष महोदय, यहां सरकारी साधनों का दुरुपयोग हुआ । मैं मांग करता हूं कि एक संसदीय जांच कमेटी बनाई जाय, जनतंत्र को स्वच्छ और बिल्कुल साफ बनाने के लिये यह जरूरी हो जाता है । पहले तो पैसे का जो खेता होता है, अमेरिका में जब चुनाव होता है, दिखाने के लिये जनतंत्र है लेकिन वहां पर जब स्टीवेंशन और आइजनहावर का चुनाव था तो उस वक्त मैं वहां था हजारों रुपये की प्लेट वहां बिकती है, उस पार्टी में, उसके कन्वेन्शन में अगर हजारों डालरों का टिकट खरीदें तो आप जा सकते हैं, ऐसे ही लोग वहां इकट्ठे होते हैं । वाल स्ट्रीट में दो बिग है रिपब्लिक और डेमोक्रेटिक और चुनाव में तीसरी पार्टी की हिम्मत ही नहीं होती । नार्मन थामस भी लड़े थे, बैठ गये । तीसरा कैन्डीडेट दस स्टेप जाने के बाद बैठ जाता है । इंग्लैंड में भी वही बात है । वहां का तफरका, आर्थिक तफरका, आर्थिक विषमता उसकी बात हम लोग बराबर करते हैं । हैराल्ड लास्की ने अपनी किताब में लिखा है; ग्रामर आफ पोलिटिक्स में कि अमेरिकन डेमोक्रेसी और इंगलैण्ड की डेमोक्रेसी किताबों में है, वहां पोलिटिकल डेमोक्रेसी है, सही डेमोक्रेसी नहीं है । सिडनी एंड ब्रिटिश ने बहुत मोटी मोटी किताबें लिखीं, तमाम इस तरह की किताबें वहां हैं । हमारे समाज को इन बुराइयों पर चोट करनी होगी । लेकिन इसमें वक्त लगेगा । लेकिन जब तक यह नहीं होता तब तक कम से कम सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग आप रोक सकते हैं। यह जो आपका अपना घूमना है, यह तो आप रोक सकते हैं । इस सब पर रोक नहीं लगाई और चुनाव का जो रूप था वह दूषित कर दिया । इसके बहुत से उदाहरण है कि किस कांस्टिटुयेंसी में, किस वार्ड में किस इलाके में किस रूप में हुआ, लेकिन यह बात पिटी पिटाई बात है जो और क्षेत्रों में भी होती है । इसलिये मंत्री महोदय आप दिल्ली में जिस रूप में कर रहे हैं, हम उसका इस्तकबाल करते हैं लेकिन जिस रूप में आर्डिनेंस के जरिये किया है उसकी हम पूरी मुखालिफत करते हैं । चुनाव से अगर आपको मुहब्बत है तो हम चैलेंज करते हैं कि आप असम में आ जायें, असम में एल्लीमिनेट ही नहीं, मैं उसे सरकार कहूंगा, शब्द अनपार्लियामेन्टरी नहीं होगा, असम की असेम्बली है वहां की सरकार है, उसको आप बरखास्त करें। वहां पर आप तत्काल चुनाव कराएं ताकि उसमें जो आन्दोलनकारी हैं वे भी भाग ले सकें । उसी तरह से जहां कहीं भी बाई इलैक्शन हों आप रोक लगा सकते हैं । यह सरकार कर सकती है, मैं मानता हूं । मैं यह भी मानता हूं कि चाहे हमारे लोग हों, उसका दुरुपयोग होता हो, जनता पार्टी के लोग हों, चाहे आपके लोग हों दुरुपयोग होगा, होता, यह अच्छी

*Expunged as ordered by the Chair.

